**उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद अध्यक्षता में दिनांक 06.03.2021 को आयोजित जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद के बैठक की कार्यवाही :–**

दिनांक 06.03.2021 उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें निम्नांकित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया –

- I. श्री मथुरा प्रसाद महतो, माननीय विधायक, टुण्डी विधान सभा क्षेत्र।
- II. श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, माननीय विधायक, झरिया विधान सभा क्षेत्र।
- III. श्री इन्द्रजीत महतो, माननीय विधायक, सिन्दरी विधान सभा क्षेत्र।
- IV. श्री पशुपति नाथ सिंह, माननीय सांसद, धनबाद क्षेत्र के प्रतिनिधि।
- V. श्री ढुलू महतो, माननीय विधायक, बाघमारा विधान सभा क्षेत्र के प्रतिनिधि।
- VI. श्री राज सिन्हा, माननीय विधायक, धनबाद विधान सभा क्षेत्र के प्रतिनिधि।
- VII. वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद के प्रतिनिध नगर पुलिस अधीक्षक, धनबाद।
- VIII. उप विकास आयुक्त–सह–सचिव, DMFT, धनबाद।
- IX. असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद।
- X. जिला योजना पदाधिकारी–सह–नोडल पदाधिकारी, DMFT, धनबाद।
- XI. जिला शिक्षा पादाधिकारी, धनबाद।
- XII. जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद।
- XIII. प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, धनबाद / गोविन्दपुर / निरसा / एग्यारकुण्ड / कलियासोल / तोपचांची / बाघमारा / टुण्डी / बलियापुर
- XIV. श्री नितिन कुमार, Team Leader, PMU (DMFT) एवं PMU (DMFT) के अन्य सभी सदस्य।
- XV. Annexure-II में अंकित उपस्थिति के अनुसार धनबाद जिला के विभिन्न प्रखण्डों एवं पंचायतों के कुल 156 प्रखण्ड प्रमुख / उप्रमुख / प्रधान (पूर्व मुखिया)।

2. जिला योजना पदाधिकारी–सह–नोडल पदाधिकारी, डी0एम0एफ0टी0, धनबाद अपने स्वागत संबोधन में सर्वप्रथम उन्होने न्यास परिषद मे भाग लेने वाले सभी माननीय जनप्रतिनिधिगण एवं पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए विगत वर्ष–2020–21 में कोविड–19 के रोकथाम एवं बचाव हेतु जिला प्रशासन, धनबाद द्वारा किये गये कार्यो एवं उन कार्यो के प्रतिफल के रूप में करोना संक्रमण के उचित प्रबंधन की उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया। अपने संबोधन में उन्होने कोरोना महामारी के रोकथाम में धनबाद जिला अन्तर्गत उपलब्ध डी0एम0एफ0टी0 फण्ड की उपयोगिता के विषय में पूर्ण जानकारी बैठक में उपलब्ध कराया। तदुपरान्त उन्होने उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद को परिचयात्मक संबोधन हेतु आमंत्रित किया।

3. उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए आगामी वित्तीय वर्ष 2021--22 में District Mineral Fund का उपयोग बड़े योजनाओं, जिसकी मौलिक रूप से आवश्यकता है एवं दीर्घकालिक परिणाम के परिप्रेक्ष्य में चयन करने का सुझाव दिया। उन्होने कहा कि बड़ी योजनाओं के चयन से लोगों के जीवन में दूरगामी प्रभाव दिखेंगे। साथ ही योजनाओं का अनुश्रवण समयबद्व एवं सरल तरीके से किया जा सकेगा। उन्होंने राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में जलापूर्ति योजनाओ को छोड़कर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, livelihood, कौशल, कृषि, पर्यावरण संरक्षण प्रक्षेत्र में District Mineral Fund के उपयोग की प्राथमिकता पर न्यास परिषद की बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधिगण एवं पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने दिनांक 01.02.2021 को जिला प्रशासन, धनबाद द्वारा तैयार किये गये एवं लोकार्पण किये गये शिक्षा एवं स्वास्थ प्रक्षेत्र के Vision Plan, 2023 के महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर विस्तृत जानकारी बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को दिया।

Scanned with CamScanner

4. उपायुक्त, धनबाद ने कहा कि Health & Education Vision Plan 2023 के क्रियान्यवन से जिला के सभी पंचायतों में लिडर स्कूलों एवं 10 मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सदर अस्पताल, धनबाद के उन्नयन हेतु तैयार किये गये विभिन्न योजनाओं के कर्यान्वियन के लिए डी0एम0एफ0टी0 फण्ड का उपयोग करते हुए PMKKKY की मार्गदर्शिका के अनुरूप खनन प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों के आवश्यक स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक जरूरतों की पूर्ति की जा सकेगी। साथ ही उन्होने कहा कि PMKKKY की मार्ग–दर्शिका के अनुसार डी0एम0एफ0टी0 फण्ड का उपयोग ग्राम सभा/नगर निगम क्षेत्र के वार्ड सभा के अनुशंसा/अनुमोदन के पश्चात् ही की जा सकती है। इस संदर्भ में उन्होंने यह भी कहा की फरवरी 2021 में जिला के सभी पंचायतों में ग्राम सभा आहूत की गई थी जिसमें डी0एम0एफ0टी0 फण्ड के अन्तर्गत योजनाओं का पारित प्रस्ताव डी0एम0एफ0टी0 कार्यालय में सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त हुआ है जिसकी प्रस्तुति PMU टीम द्वारा दी जायेगी।

5. उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद ने सभी माननीय जनप्रतिनिधियों विशेषकर माननीय सांसदगण तथा माननीय विधायकगणों एवं उनके प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जनकल्याण की परियोजनाओं डी0एम0एफ0टी0 फण्ड के अंतर्गत ग्राम सभा/नगर निगम बोर्ड के सुस्पष्ट अनुशंसा के आलोक में लिये जाने का प्रावधान है। बैठक में उन्होने भाग लेने वाले माननीय जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि 10 (दस) दिनो के अंदर अपने–अपने क्षेत्राधिकार अंतर्गत परियोजनाओं का ग्राम सभा/नगर निगम क्षेत्र के वार्ड सभा से अनुशंसा/अनुमोदन प्राप्त करते हुए दिनांक 16.03.2021 तक उप विकास आयुक्त, धनबाद को उपलब्ध करायी जाय। ताकि District Mineral Fund के वर्ष 2020–21 के वार्षिक कार्य योजना मे इन योजनाओं को शामिल करते हुए न्यास परिषद की अगामी बैठक में स्वीकृति प्राप्त कर उपयोगी योजनाओं के कार्यान्वियन हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

6. तत्पश्चात उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद के द्वारा जिला योजना पदाधिकारी, धनबाद को वर्ष 2018–19, 2019–20 में किये गये कार्यो का वित्तीय लेखा–जोखा तथा गत वर्ष में 2020–21 में किये गये कार्य/व्यय के लिये न्यास परिषद का अनुमोदन प्राप्त करने से संबंधित एजेन्डा/योजनाओं को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

7. **(A)** जिला योजना पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा वित्तीय वर्ष 2020–21 में District Mineral Fund के अन्तर्गत वित्तीय एवं भौतिक स्थिति का विवरण निम्नवत प्रस्तुत किया गया :–

राशि (करोड़ रु0 में)

| 01.4.2020 को उपलब्ध अवशेष | वित्तीय वर्ष 2020–21 में प्राप्त संसाधन | कुल उपलब्ध संसाधन | व्यय की गई राशि | अवशेष | 01.4.2020 को लंबित योजना | वित्तीय वर्ष 2020–21 मेंली गई योजनाओं की सं0 | कुल कार्यरत योजन | पूर्ण योजन | अपूर्ण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 436.879 | 293.517 | 730.396 | 64.557 | 665.842 | 33 | 0 | 33 | 24 | 09 |

**(B)** जिला योजना पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 में District Mineral Fund का अंकेक्षण Chartered Accountant KASS & Co. के द्वारा कराया गया जिनके द्वारा समर्पित अंकेक्षण प्रतिवेदन का Abstract निम्नवत है :–

राशि (करोड़ रु0 में)

| वर्ष | गतवर्ष का अवशेष | प्राप्त राशि | | कुल उपलब्ध संसाधन | व्यय की गई राशि | अवशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Royalty | Interest | | | |
| 2018–19 | 516.310 | 331.608 | 22.481 | 870.399 | 103.144 | 767.255 |
| 2019–20 | 767.255 | 395.622 | 23.403 | 1186.281 | 749.401 | 436.879 |

निर्णय :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद के द्वारा वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 के अंकेक्षण प्रतिवेदन में अंकित योजना मद एवं प्रशासनिक व्यय ईकाई में अंकित व्यय का अनुमोदन किया गया।

Scanned with CamScanner

(C) जिला योजना पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा बताया गया कि दिनांक 28.04.2020, दिनांक 16.09.2020, दिनांक 12.06.2020, दिनांक 07.07.2020 एवं दिनांक 11.11.2020 को आयोजित जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के Managing Committee की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में धनबाद जिला में कोविड–19 से बचाव एवं रोकथाम के लिये COVID-19 Care Hospital, Testing Lab, Plasma Therephy तथा ICU Bed की स्थापना के लिये निम्न विवरण के अनुसार मो0 454.58213 लाख (चार करोड़ चौवन लाख अन्ठावन हजार दो सौ तेरह) का व्यय District Mineral Fund के तहत व्यय किया गया :–

| क्र0 | कार्य विवरणी /उपकरण की खरीद | | संख्या | स्वीकृत राशि | व्यय की गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय के COVID care Hospital ,Testing lab , blood bank Plasma therapies 30 bed ICU की सुविधा उपलब्ध कराने से संबंधित कार्य | 02 FLO High Therapy Unit Consisting of below Three Parts | | 15,32,730.00 | 15,32,730.00 |
| | | High flow Therapy Machine 02FLO (EU Version) | 05 | | |
| | | Trolley for High Flow System | 05 | | |
| | | Flow Meter +Clamp+Hose | 05 | | |
| | | FOC ITEM | | | |
| | | Heated Breathing Tube | 05 | | |
| | | Nasal Inteface Opti flow Cannula | 05 | | |
| | | Auto fead Humidification Chamber | 05 | | |
| 2 | | PLASMA APHAERESIS MACHINE | 01 Complete set | 27,44,000.00 | 27,44,000.00 |
| 3 | | ICU Bed Electric | 10 | 10,68,140.00 | 10,68,140.00 |
| 4 | | Crush Trolley | 02 | 89,721.00 | 89,721.00 |
| 5 | | MULTIPARA MONITOR WITH PREOBE | 26 | 21,84,000.00 | 21,84,000.00 |
| | | VIDEO LARYGOSCOPE | 01 | 1,07,520.00 | 1,07,520.00 |
| 6 | | Rapid Antigen Test Kit | 85000 | 36713600.00 | 36713600.00 |
| 7 | | Single Donor Platelet / Plasma Kit | 16 | 1,45,152.00 | 1,45,152.00 |
| 8 | | CRYOBATH | 01 | 1,68,000.00 | 1,68,000.00 |
| 9 | | Mutipara Monitor Probe Digital | 05 | 420000.00 | 420000.00 |
| | | Syring Pump Machine | 02 | 103040.00 | 103040.00 |
| 10 | | Wall mount for Truscope III Monitor | 30 | 91155.00 | 91155.00 |
| 11 | | Syringe Pump Machine | 02 | 103040.00 | 103040.00 |
| 12 | | Multy Para Monitor With Probe Digital | 05 | 420000.00 | 420000.00 |
| 13 | | wall Mount For Truscope III Monitor | 30 | 91155.00 | 91155.00 |
| | | | | 45458213.00 | 4,54,58,213.00 |

<u>निर्णय</u> :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद के द्वारा वर्ष 2020–21 में धनबाद जिला में कोविड–19 से बचाव एवं रोकथाम के लिये वर्ष 2020–21 में उक्त विवरण के अनुसार किये गये व्यय मो0 454.58213 लाख (चार करोड़ चौवन लाख अन्ठावन हंजार दो सौ तेरह) रुपये की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

(D) जिला योजना पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा बताया गया कि गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1560 दिनांक 09.06.2020 के क्रम में दिनांक 12.06.2020 को आयोजित जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के Managing Committee की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में धनबाद जिला में 267 मुख्यमंत्री दीदी किचेन के संचालन जून 2020 तक संचालित करने के लिये मो0 53.40 लाख (तिरपन लाख चालीस हजार) रु0 Jharkhand State Livelihood Mission (JSLPS), Dhanbd को विमुक्त किया गया जिसकी घटनोत्तर स्वीकृति जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद के द्वारा प्रदान की गई।

(E) जिला योजना पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा बताया गया कि दिनांक 28.04.2020 को आयोजित जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के Managing Committee की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में सदर अस्पताल (रणधीर वर्मा चौक), धनबाद में स्थापित Dialysis Centre में

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

विद्युत संयोग देने हेतु LT XLPE Cable लगाने के लिए कार्यपालक अभियंत, विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, धनबाद को उनके द्वारा समर्पित तकनीकि स्वीकृति प्रदत प्राक्कलन के आलोक में मो0 2,18,595 (Two Lacs eighteen thousand five hundred ninety five) विमुक्त किया गया जिसकी घटनोत्तर स्वीकृति जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद के द्वारा प्रदान की गई।

**(F)** जिला योजना पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा बताया गया कि दिनांक 07.07.2020 को आयोजित जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के Managing Committee की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में धनबाद नगर निगम को निम्न मशीनों/उपकरणों के लिये Gem Portal पर अंकित दर के अनुरूप वर्ष 2018–19 में District Mineral Fund के अन्तर्गत प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किया गया था जिसमें Operation & Maintenance के लिये राशि का प्रावधान नहीं होने के कारण निविदा आमंत्रित कर इन मशीनों/उपकरणों का क्रय किया गया जिसके आलोक में निम्न विवरण के अनुसार पूर्व प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृति की राशि में वृद्धि हो गई :–

| क्र0 | उपकरण/मशीन का नाम | सं0 | Gem Portal पर | निविदा पर निर्धारित दर | अन्तर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Truck Mounted Sweeping Machine (Roots) | 03 | 2,23,84,500.00 | 2,68,74,500.00 | 44,90,000.00 |
| 2 | Self-propelled ride on sweeping machine | 02 | | | |

<u>निर्णय</u> :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद के द्वारा वर्ष 2018–19 में धनबाद नगर निगम को उक्त मशीनों/उपकरणों के क्रय/आपूर्ति के लिये District Mineral Fund के अन्तर्गत बढ़ोतरी की राशि मो0 44.90 लाख (चौवालीस लाख नब्बे हजार) रु0 की घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

(G) जिला योजना पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा बताया गया कि दिनांक 12.02.2021 को आयोजित जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के Managing Committee की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में **COVID-19** काल में विभिन्न राज्यों से धनबाद जिला में आये प्रवासी मजदूरों/छात्रों तथा स्थानीय आमजनों की सुविधा व्यवस्था हेतु विभिन्न स्थानों में पण्डाल, बैरिकेडिंग, टेबल–कुर्सी एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति/अधिष्ठापन का कार्य हेतु जिला नजारत उप समाहर्त्ता, धनबाद के माध्यम से निम्न विपत्र भुगतान हेतु प्राप्त हुआ है :–

| क्रमांक | जिला नजारत उप समाहर्त्ता, धनबाद का पत्रांक/दिनांक | विपत्रों की सं0 | विपत्रों की सं0 में सन्निहित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पत्रांक 38<br>दिनांक 27.01.2021 | 09 | 47,52,500.00 | घटनोत्तर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव |
| 2 | पत्रांक 41<br>दिनांक 02.02.2021 | 11 | 72,48,490.00 | |
| कुल (एक करोड़ बीस लाख नौ सौ) नब्बे) | | | 1,20,00,990.00 | |

<u>निर्णय</u> :–सचिव, खान मंत्रालय भारत सरकार के पत्र सं0–DO No-7/2/2020-MIV दिनांक 28.03.2020 के आलोक में District Miniral Fund के अन्तर्गत उपलब्ध राशि की 30% अधिसीमा के अन्तर्गत कोविड–19 से संबंधित कार्यों के लिये व्यय किये जाने की अनुमान्यता के परिपेक्ष्य में कोविड–19 महामारी के दौरान कोविड चेकअप एवं विभिन्न राज्यों से धनबाद जिला में आये प्रवासी मजदूरों/छात्रों तथा स्थानीय आमजनों की सुविधा व्यवस्था हेतु विभिन्न स्थलों यथा–गोल्फ ग्राउण्ड, रेलवे स्टेशन, पी0एम0सी0एच0 एवं सदर हॉस्पीटल में पण्डाल, बैरिकेडिंग, टेबल–कुर्सी एवं अन्य सामग्रियों की आपूर्ति/अधिष्ठापन से संबंधित किये गये आकस्मिक कार्यों के लिये District Mineral Fund के अन्तर्गत व्यय की गई राशि मो0 120.0099 लाख (एक करोड़ बीस लाख नौ सौ नब्बे) रु0 की जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद के द्वारा घटनोत्तर स्वीकृति प्रदान किया गया।

**(H)** जिला योजना पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा बताया गया कि दिनांक 28.04.2020 को आयोजित जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के Managing Committee की बैठक में

लिये गये निर्णय के आलोक में कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल सं0–1, धनबाद से प्राप्त प्रस्ताव के अनुरूप ग्राम सभा से स्वीकृति की प्रत्याशा में वर्ष 2019–20 में पेयजल आलोक में District Mineral Fund के अन्तर्गत पेयजलापूर्ति से संबंधित निम्नांकित योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी :–

| क्र0 | योजना / प्रस्ताव की विवरणी | प्राक्कलित राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Renovation of Kalipahari north mini pipe water supply scheme in Nirsa Block under D.W.& S. Division 1 Dhanbad | 4,84,000.00 | योजना ग्राम सभा से पारित नहीं है। |
| 2 | Renovation of Baidhnathpur mini pipe water supply scheme in Nirsa Block under D.W.& S. Division 1 Dhanbad | 4,95,300.00 | |
| 3 | Renovation of Marma mini pipe water supply scheme in Nirsa Block under D.W.& S. Division 1 Dhanbad | 1,89,100.00 | |
| 4 | Renovation Madandih mini pipe water supply scheme in Nirsa Block under D.W.& S. Division 1 Dhanbad | 1,77,800.00 | |
| 5 | Renovation of Gopalganj mini pipe water supply scheme in Nirsa Block under D.W.& S. Division 1 Dhanbad | 1,77,800.00 | |
| 6 | Renovation of Fatehpur mini pipe water supply scheme in Nirsa Block under D.W.& S. Division 1 Dhanbad | 1,77,800.00 | |

**निर्णय** :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद के द्वारा वर्ष 2019–20 में District Mineral Fund के अन्तर्गत पेयजलापूर्ति से संबंधित उक्त प्रशासनिक स्वीकृति प्रदत्त योजनाओं की घटनोत्तर स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान किया गया कि उक्त योजनाओं को ग्रांम सभा से पारित होने के उपरान्त ही कार्यकारी एजेन्सी को देय राशि विमुक्त किया जायेगा।

**(I)** जिला योजना पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा बताया गया कि COVID-19 महामारी के कारण District Mineral Fund के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 में किसी भी विकास योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान नहीं की गई बल्कि पूर्व स्वीकृत एवं कार्यान्वित योजनाओं के लिये राशि विमुक्त किया गया है जिसके आलोक में वर्ष 2020–21 के लिये भी पूर्व निर्धारित दर पर पूर्व Audit Agency KASG & CO., Dhanbad से कराये जाने का प्रस्ताव है। जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद के द्वारा इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

**8.** उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद के द्वारा वर्ष 2021–22 के लिये District Mineral Fund की वार्षिक कार्य योजना तैयार करने हेतु स्वास्थ्य एवं शिक्षा प्रक्षेत्र से संबंधित विभिन्न ग्राम सभाओं से पारित योजनाओं का विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश श्री नितिन कुमार, Team Leader PMU (DMFT) को दिया गया। PMU (DMFT) के द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिये निम्न क्षेत्रों में योजनाओं का चयन प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (PMKKKY) के अन्तर्गत खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास हेतु कार्यान्वित किया जा सकता है :–

- शिक्षा– लीडर विद्यालय से संबंधित विभिन्न civil Work, learning tools एवं labs के अधिष्ठापन हेतु योजनाओं पर लगभग 40 प्रतिशत् का व्यय किया जा सकता है।
- स्वास्थ्य– दस मॉडल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो एवं सदर अस्पताल, धनबाद से संबंधित civil, equipment एवं supplies पर लगभग 30 प्रतिशत का व्यय किया जा सकता है।
- Livelihood संबंधित योजनाओं पर लगभग 05 प्रतिशत का व्यय किया जा सकता है।
- पर्यावरण संरक्षण संबंधित योजनाओं पर लगभग 10 प्रतिशत का व्यय किया जा सकता है।
- कृषि संबंधित योजनाओं पर लगभग 05 प्रतिशत का व्यय किया जा सकता है।
- आधारभुत संरचनाओं पर लगभग 10 प्रतिशत का व्यय किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

- तत्पश्चात् PMU (DMFT) team के द्वारा शिक्षा एवं स्वास्थ्य प्रक्षेत्र के vision plan,2023 का प्रस्तुतीकरण दिया गया।
- PMU team के द्वारा प्रखण्डवार ग्राम सभा से प्रस्तावित/पारित योजनाओं का भी प्ररतुतीकरण के माध्यम न्यास परिषद की बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधिगण एवं पदाधिकारियों को जानकारी प्रदान की गई जो निम्नवत् है:-

| क्रमांक | प्रखण्ड का नाम | ग्राम सभा द्वारा अनुमोदित योजनाएँ |
|---|---|---|
| 1 | बलियापुर | 1) Education- Infrastructure/Facilities in Leader School like<br>• Paver Block in school premises<br>• ICT Lab and Smart Class<br>• Library<br>• Assembly Hall<br>• Sports facilities<br>• Fire Extinguisher<br>• Additional classrooms<br>• Toilets<br>2) Public Library<br>3) Provision of Eggs in MDM<br>4) Model Health Centre |
| 2 | कलियासोल | 1) Education- Leader School Infrastructure like<br>• Additional classrooms<br>• Toilets<br>• Libraries<br>• Playgrounds<br>• Smart Class Library<br>• Assembly Hall<br>2) Ponds Rejuvenation<br>3) Strengthening nutrition services at AWC (Anganwadi Centre)<br>4) Model 24*7 Health Centre<br>5) Library in block headquarter<br>6) Lift Irrigation |
| 3 | तोपचांची | 1. Education- Leader School Infrastructure like<br>• Smart Class<br>• Sport& Physical Fitness Trainers & Related Equipment<br>• Library and Computer Labs<br>• Construction of Toilets in School<br>• Attractive Kitchen<br>• Principal's Room and Staff Room<br>• Assembly Hall and Auditorium<br>• Dining Room<br>• Cycle Stands<br>• Vocational training/NCC<br>• Common Sport Ground<br>• Sanitary Pad Vending Machine<br>• Deep Boring<br>2. Ambulance Services<br>3. Water Purification system<br>4. Strengthening Equipment in AWC |
| 4 | निरसा | 1) Leader School/ Education/ Additional land for School<br>• Smart Class and computer labs<br>• Sports related facilities<br>• Library |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | • Construction of Toilets in School<br>• Principal's Room and Staff Room<br>• Assembly Hall and Auditorium<br>• Dining Room<br>• Cycle Stands<br>• Deep Boring<br>• Solar Electricity<br>2) Livelihoods<br>3) Health Centre upgradation<br>4) Check Dam<br>5) Public Library<br>6) Dobha Nirman |
| 5 | बाघमारा | 1) Education- Leader school infrastructure upgradation like<br>• Boundary wall construction<br>• Running water facility<br>• Bench and desks<br>• Laboratory<br>• Toilet with soak pits<br>• Staff room, Hall and library<br>• Solar light installation in school<br>• Teachers, night guard, sanitation workers, gardener, peon, required<br>• Additional classrooms<br>• Sports equipment<br>• Whitewash in schools<br>• Black board<br>• CCTV camera installation<br>• School building repairing<br>• Paver block<br>• Notice board<br>• Electricity connection<br>• Smart class<br>• Handwash unit<br>• Hostel facility<br>• Beautification of schools<br>• NCC & scout guide<br>• Tree plantation in school<br>• Storeroom<br>• Cycle stand<br>2) Livelihoods and Skill development<br>• Skill development training- Establishment of small units for stitching units, incense stick units, Candle making unit, etc<br>• Trainings proposed – beauty parlour, papad making, bangle making, soap making, rice puff making, pattal making, etc<br>3) Agriculture & allied<br>• Support to farmers for floriculture<br>• Gobar gas plant<br>• Training on mushroom production<br>• Fish farming/Dairy/Poultry<br>4) Drinking water<br>• Water tank construction<br>5) Cleaning and sanitation |

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | • Lake cleaning<br>• Lane cleaning<br>6) Pollution control<br>• Fogging machine<br>7) Community library/ public library<br>8) Sanitary pad disposal machine<br>9) Health<br>• Upgradation of CHC Baghmara as model health centre<br>• SHC repairing & construction<br>• Laboratory in PHC<br>• Security guard and Cleaning staff<br>• X-ray machines<br>• Staff quarters<br>• Additional Doctor and Nurses<br>• Ambulance |
| 6 | गोविन्दपुर | 1) Education- Leader School facilities/infrastructure like-<br>• Smart Class<br>• Sport& Physical Fitness Trainers & Related Equipment<br>• Library and Computer Labs<br>• Construction of Toilets in School<br>• Attractive Kitchen<br>• Principal's Room and Staff Room<br>• Assembly Hall and Auditorium<br>• Dining Room<br>• Cycle Stands<br>• Vocational training/NCC<br>• Common Sport Ground<br>• Sanitary Pad Vending Machine<br>• Deep Boring for water supply in schools<br>2) Health-<br>• Upgrading CHC Govindpur<br>• Ambulance<br>• Enhancing services and facilities at SHC and PHCs<br>3) Livelihoods- Sewing Machine unit for SHGs<br>4) Nutrition- Anganwadi Centre Strengthening<br>5) Bio-Medical Waste Disposal |
| 7 | ग्यारकुण्ड | 1) Health-<br>• Making a model health centre in block<br>• Upgrading facilities in PHC and SHC<br>2) Nutrition- Strengthening AWCs<br>3) Education-<br>• Repair/construction of School Building<br>• Computer Lab<br>• Toilet<br>• Play-ground<br>• Handwashing unit in school<br>• Library and Integrated Lab<br>• Auditorium<br>4) Training Centre for SHG |
| 8 | धनबाद | 1) Education- Leader school Infrastructure like<br>• Smart Class<br>• Library<br>• Assembly Hall<br>• Fire Extinguisher<br>• ICT Lab |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | | • Toilets<br>• New classrooms<br>• Deep boring for water supply in school<br>2) Health-<br>• Developing CHC as 24*7 Facility and Sadar Hospital as model District Hospital |
| 9 | पुर्वी टुण्डी | 1) Education- Leader school infrastructure upgradation like<br>• Separate toilet for Male and Female Teachers<br>• Smart Class<br>• Sport& Physical Fitness Trainers & Related Equipment<br>• Library and Computer Labs<br>• Construction of Toilets in School<br>• Attractive Kitchen<br>• Principal's Room and Staff Room<br>• Assembly Hall and Auditorium<br>• Dining Room<br>• Cycle Stands<br>2) Deep Boring for household water supply<br>3) Irrigation facility in farms<br>4) Health- Developing health centres |
| 10 | टुण्डी | 1) Education- Leader School Infrastructure like<br>• Smart Class<br>• Sport& Physical Fitness Trainers & Related Equipment<br>• Library and Computer Labs<br>• Construction of Toilets in School<br>• Attractive Kitchen<br>• Principal's Room and Staff Room<br>• Assembly Hall and Auditorium<br>• Dining Room<br>• Cycle Stands<br>• Vocational training/NCC<br>• Common Sport Ground<br>• Sanitary Pad Vending Machine<br>• Deep Boring<br>2) Ambulance Services<br>3) Strengthening Equipment in AWC<br>4) Model Health Centre |

**निर्णय** :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद के द्वारा ग्राम सभा से पारित उक्त योजनाओं को District Mineral Fund के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 के लिये वार्षिक कार्य योजना में शामिल करते हुये उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन से संबंधित प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**9.** जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद के द्वारा District Mineral Fund के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 के लिये ग्राम सभा से पारित अन्य प्रक्षेत्रों की योजनाये जो Annexure-I में संलग्न है, को वार्षिक कार्य योजना, 2020–21 में शामिल करते हुये इन योजनाओं की कार्यान्वयन कराने की स्वीकृति प्रदान किया गया।

**10.** जिला योजना पदाधिकारी, धनबाद के द्वारा बताया गया कि धनबाद जिला में कुपोषण की स्थिति चिंताजनक है एवं धनबाद जिला के पूर्वी टुण्डी प्रखण्ड में सर्वेक्षण के दौरान सबसे अधिक कुपोषित बच्चे पाये गये है जिन्हें कुपोषण से मुक्त करना मानवता के हित में है। दिनांक 04.03.2021 को जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति की बैठक में लिये निर्णय के आलोक में Pilot Project के रूप में धनबाद जिला के पूर्वी टुण्डी प्रखण्ड के बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिये Mobile Nutrition Van के क्रय हेतु जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद के द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया।

**11.** उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद के द्वारा न्यास परिषद में उपस्थित माननीय विधायकगणों एवं जनप्रतिनिधियों को सुझाव देने के लिये संबोधन हेतु आमंत्रित किया गया जिसके आलोक में निम्न माननीय विधायकगणों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा क्रमवार निम्न विवरण के अनुसार संबोधन दिया गया :–

Scanned with CamScanner

**(क) श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह, माननीय विधायक, झरिया विधान सभा क्षेत्र** के द्वारा बताया गया कि फिलहाल DMFT मद से स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर क्रमशः 40 प्रतिशत एवं 30 प्रतिशत खर्च हो रहा है। उनके द्वारा प्रदूषण नियंत्रण पर खर्च किये जाने पर जोर दिया गया क्योंकि झरिया काफी प्रदूषण प्रभावित क्षेत्रों में शामिल है। माननीय विधायक के द्वारा धनबाद नगर निगम द्वारा Sweeping Machine के क्रय किये जाने पर इसके व्यवहारिकता पर प्रश्न उठाया गया। बताया गया कि धनबाद नगर निगम में कार्यरत झाडूकश को कई माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है तथा बहुतों को निगम से कार्यमुक्त किये जाने का भी मामला उठाया गया। झरिया स्वास्थ्य केन्द्र का हस्तांतरण अभी तक नहीं किये जाने पर दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई किये जाने की मांग माननीय विधायक के द्वारा किया गया। आर0एस0पी0 कॉलेज, झरिया के बारे में उन्होंने बताया कि आर0एस0पी0 कॉलेज जिले का एक धरोहर रहा है तथा आम जनता का भावनात्मक जुड़ाव इस कॉलेज से रहा है। अतएव आर0एस0पी0 कॉलेज, झरिया का अस्तित्व बनाये रखा जाना चाहिए। कुपोषण के बारे में माननीय विधायक के द्वारा बताया गया कि झरिया के गरीब परिवार के बच्चे रोजाना कोयला चुन–गुनकर दैनिक मजदूरी के साथ अपना जीविका चलाते है। अतः DMFT के तहत झरिया क्षेत्र में भी कुपोषण मुक्ति की योजनायें ली जानी चाहिये। COVID-19 के दौरान झरिया क्षेत्र में दाल भात की 07 दुकान खोली गयी थी, जो अभी बंद कर दिया गया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के दिशा में SHG को मार्केटिंग की समुचित व्यवस्था किये जाने की बात कही गई।

**(ख) श्री इन्द्रजीत महतो, माननीय विधायक, सिन्दरी विधान सभा क्षेत्र** के द्वारा बताया गया कि DMFT से संचालित योजनाओं को गुणवत्तायुक्त कार्यान्वित किये जाने पर बल दिया जाय जिससे कि आने वाले दिनों में धनबादवासी को ये लगे कि धनबाद जिले में विकास किया गया है जिस तरह से न्यू टाउन हॉल का कार्यकलाप बदला है, पूरे जिले का कार्यकलाप भी बदला जाय। बलियापुर तथा गोविन्दपुर प्रखण्ड में 30–30 बेड का स्वास्थ्य केन्द्र बनकर तैयार है। दोनों स्वास्थ्य केन्द्रों को DMFT FUND के माध्यम से मॉडल स्वास्थ्य केन्द्र का तोहफा दिये जाने की बात माननीय विधायक के द्वारा किया गया। चांदकुईया में स्थित अस्पताल को भी सुव्यवस्थित कर चलाया जाय तो इससे अगल–बगल के ग्रामिणों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी माननीय विधायक के द्वारा एक मजबूत पहल किये जाने पर जोर दिया गया जिसके तहत हर प्रखण्ड में संसाधनयुक्त सार्वजनिक पुस्तकालय (Library) बनाये जाने की बात कही गई ताकि ग्रामीण छात्र–छात्राए ज्ञान अर्जित कर सके। कृषि के क्षेत्र में भी अन्नदाताओं को आत्मनिर्भर/स्वावलंबी बनाने हेतु बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करने पर जोर दिया गया। साथ ही दामोदर नदी तथा बराकर नदी के बीच में 30 कि0मी0 की दूरी को नहर के माध्यम से दोनों नदी को जोड़ने से एक बड़े भूभाग पर पानी के उपयोग से ग्रामीण किसान स्वावलंबी बन सकते है। खान उत्खनन से प्रभावित क्षेत्र के अगल–बगल के क्षेत्रों में जलाशय प्रभावित हुई है। खेती कार्य भी प्रभावित हुआ है। जिले के कोयला क्षेत्र में माईस है। माईस के अन्दर पीट वाटर को खेतों में पहुंचाये जाने से खेती की संभावना बढ़ेगी, इस ओर भी माननीय विधायक ने ध्यान आकृष्ट कराया। खनन प्रदूषण के रोक–थाम के निमित्त प्रत्येक प्रखण्ड में लोगों के लिये एक पार्क का निर्माण सरकारी जमीन चिन्हित करते हुए किये जाने की बात कही गई। साथ ही खेल–कूद को बढ़ावा देने के निमित्त प्रत्येक प्रखण्ड में एक स्टेडियम के निर्माण को भी आवश्यक बताया गया। साथ ही प्रत्येक प्रखण्ड में सर्वसुविधायुक्त विवाह मंडप का भी निर्माण कराये जाने की बात कही गई। रोजगार के सृजन के निमित्त स्वयं सहायता ग्रुप में कैसे ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े ताकि उन्हें स्वावलंबी बनाया जा सके। जिले के मुख्य चौक–चौराहे में High Mask Light के अधिष्ठापन पर माननीय विधायक के द्वारा बल दिया गया। साथ ही प्रत्येक प्रखण्ड में एक Cold Storage के निर्माण को भी आवश्यक बताया गया। स्वास्थ्य के संदर्भ में माननीय विधायक के द्वारा बताया गया कि NH-2 रोड़ पर आये दिन दुर्घटना होती रहती है।

Scanned with CamScanner

गोविन्दपुर–बरवाअड्डा रोड़ पर एक Trauma Centre के निर्माण को भी माननीय विधायक के द्वारा आवश्यक बताया गया।

धनबाद–भूईफोड़ से सिन्दरी गोशाला ओ0पी0–काण्ड्रा–बिनोद बिहारी महतो कॉलेज–बड़ा दाहा होते हुए गोशाला ओ0पी0 चौक तक 30–35 वर्ष पूर्व रोड़ बनी है। 3–4 कि0मी0 सड़क नहीं बन पाया है। उक्त 3 कि0मी0 रोड़ बन जाने से ट्रफिक जाम से मुक्ति मिल जायेगी। उक्त 3 कि0मी0 रोड़ बनाने की आवश्यकता पर माननीय विधायक के द्वारा जोर दिया गया।

**(ग) श्री मथुरा प्रसाद महतो, माननीय विधायक, टुण्डी विधान सभा क्षेत्र** के द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य सेवा में बहुत सुधार करने की आवश्यकता है। केवल अस्पताल भवन बनाने से स्वास्थ्य सेवायें बहाल नहीं हो जाती जबतक डॉक्टर/नर्स/ए0एन0एम0/पारा मेडिकल की न्युक्ति न किया जाय। साथ ही गांव की दृघकालीन योजना DMFT मद से लेने पर जोर दिया गया। साथ ही बिना ग्राम सभा के योजना स्वीकृति किये जाने पर माननीय विधायक ने नारजगी व्यक्त किया गया। टुण्डी स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कर लिया गया है किन्तु परिसर में जंगल–झाड़ को साफ–सुथरा कर सुव्यवस्थित किये जाने पर बल दिया गया। DMFT मद का उपयोग स्थानीय रूप से लिये जाने पर बल दिया गया। तोपचाँची झील जो झमाडा के अन्तर्गत आता है, को भी पूर्णोद्धार किये जाने की बात कही गयी ताकि स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार का अवसर प्राप्त हो सके। टुण्डी गरम कुण्ड को भी विकसित किये जाने पर माननीय विधायक के द्वारा बल दिया गया। साथ ही Village Mart के अधिष्ठापन किये जाने की बात कही गयी, जिससे की ग्रामीणों द्वारा किये गये सभी प्रकार के उत्पादन उसी Mart में उपलब्ध हो सके। साथ ही दीदी किचेन को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किये जाने की बात कही गयी।

**(घ) तोपचांची प्रमुख** के द्वारा बताया गया कि तोपचांची प्रखण्ड में आदिम जनजाति के लोग निवास करते है। एक मॉडल स्वास्थ्य केन्द्र तोपचांची में बनाये जाने को आवश्यक बताया गया। साथ ही तोपचांची में निर्मित विवाह मंडप को सुव्यवस्थित ढंग से क्रियाशील बनाया जाय।

**(ङ) बलियापुर प्रमुख** के द्वारा बताया गया कि प्रखण्ड मुख्यालय में साफ–सफाई में आवश्यक सुधार किये जाने की बात बताई गयी। प्रखण्ड में साफ–सफाई के लिये कर्मचारी उपलब्ध नहीं है केवल सप्ताह में एक दिन ही साफ–सफाई होती है। साथ ही जलापूर्ति योजनां की अधिष्ठापन के लिये जो गढ्ढा PHED के द्वारा किया गया है उस गढ्ढे को लेवलिंग किया जाय ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।

**(च) बाघमारा प्रमुख** के द्वारा बताया गया कि बी0के0 राय महिला कॉलेज में कमरों की स्थिति काफी दयनीय है। दो शिफ्ट में पठन–पाठान का कार्य उक्त कॉलेज में किया जाता है। कॉलेज में मरम्मति की आवश्यकता है। साथ ही बाघमारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय की दशा भी काफी दयनीय है। इसमें भी सुधार की आवश्यकता बतायी गयी है। हरिणा–भीमकनाली रोड़ का चौड़ीकरण भी जनहित में आवश्यक बताया गया। प्रदूषण नियंत्रण की ओर प्रमुख के द्वारा बताया गया कि बहियारडीह में दोनों रोड़ पर आउटसोंसिंग कम्पनी कोयला उत्खनन के काम में लगी है। यह क्षेत्र बी0सी0सी0एल0 एरिया 3 के अंतर्गत आता है किन्तु पानी का झिड़काव नियमित रूप से नहीं किया जाता है।

**(छ) गोविन्दपुर प्रखण्ड के पथुरिया पंचायत के प्रधान (पूर्व मुखिया) श्री मोबिन अंसारी** के द्वारा सुझाव दिया गया कि DMFT मद से प्रत्येक पंचायत में 02 योजनाओं का चयन किया जाय। गोविन्दपुर प्रखण्ड में एक सुलभ शौचालय, गोविन्दपुर बाजार में एक सुलभ शौचालय के निर्माण को जनहित में आवश्यक बताया। साथ ही जिला परिषद से निर्माणाधीन को DMFT मद से बनाये जाने की बात बतायी गयी। साथ ही गोविन्दपुर प्रखण्ड अन्तर्गत रेजली बांध के सौन्दर्यीकरण कराते हुए इसे पर्यटक स्थल बनाये जाने पर बल दिया गया।

**(ज) तोपचांची प्रखण्ड के दुमदुमी पंयायत के प्रधान (पूर्व मुखिया) श्री विकास कुमार महतो** के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2018 में भी ग्राम सभा के माध्यम से तोपचांची झील को

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

विकसित किये जाने की योजना बनी थी किन्तु उक्त योजना अभी तक प्रारंभ नहीं हुआ। यह झील सन् 1924 में बना है। गेस्ट हॉल की स्थिति बहुत दयनीय है। साथ ही सभी स्कूलों में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना अन्तर्गत नेपकिन वितरण किये जाने पर जोर दिया गया

**(झ) एग्यारकुण्ड प्रखण्ड के एग्यारकुण्ड उत्तर पंचायत के प्रधान (पूर्व मुखिया) श्रीमती काकुली मुखर्जी** के द्वारा बताया गया कि DMFT मद से उनके पंचायत में योजना नहीं लिया गया है। महिलाओं को JSLPS के तहत महिला समूह/तेजस्वीनी समूह को क्रियाशील बनाने के निमित्त उनके पंचायत में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण कराये जाने की बात कही गयी ताकि ग्रामीण गरीब बच्ची का विवाह के लिये उसका परियोग किया जा सके।

**(ञ) बलियापुर प्रखण्ड के जगदीशपुर पंचायत के प्रधान (पूर्व मुखिया)** के द्वारा बताया गया कि तत्कालीन उपायुक्त, धनबाद श्री अजय कुमार सिंह के कार्यकाल में प्रधानखंता में आयोजित जनता दरवार के क्रम में 10 वर्ष पूर्व एक स्वास्थ्य केन्द्र निर्मित है, जिसपर फिलहाल सी0आर0पी0एफ0 का कब्जा जमा हुआ है। उक्त स्वास्थ्य केन्द्र को खाली कराये जाने की मांग मुखिया द्वारा किया गया। साथ ही प्रधानखंता से महुलबनी तक रोड़ बनाये जाय इससे दो प्रखण्ड को आपस में जोड़ा जा सकेगा।

**(त) निरसा प्रखण्ड के पल्हारपुर पंचायत के प्रधान (पूर्व मुखिया)** के द्वारा बताया गया कि निरसा–गोविन्दपुर जलापूर्ति योजना 2020 तक नल से पानी उपलब्ध कराने वाली योजना को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराये जाने पर बल दिया गया। मुखिया के द्वारा बताया गया कि निरसा पंचायत में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है। पाण्ड्रा रानी तालाब से 02 गांव में पानी की आपूर्ति की जाती है यदि इसका जिर्णोद्धार हो तो अच्छा होगा। साथ ही निरसा खदान का पीट वाटर को व्यवहार में लाने के लिये ई0सी0एल0 से अनुरोध किया जाय। एम0पी0एल0 के द्वारा Ash के ढुलाई से प्रदूषण की मात्रा काफी बढ़ रही है, जिससे ग्रामीणों को सांस/खुजली जैसी बिमारी बढ़ रही है।

**(थ) धनबाद प्रखण्ड के सियालगुदरी पंचायत के प्रधान (पूर्व मुखिया)** के द्वारा प्रखण्ड में पानी की समस्या को गंभीर बताया गया। सियालगुदरी पंचायत में पानी का टैंक निर्माणाधीन है। पानी कंनेक्सन के लिये PHED-2 को हर घर नल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराने हेतु लिखा गया है किन्तु PHED-2 के द्वारा अभी तक कोई अग्रत्तर कार्रवाई नहीं की गई है। नगर निगम के द्वारा पुटकी थाना तक स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था की गई है। थाना से सदर प्रखण्ड तक रोशनी की व्यवस्था नगर निगम से कराये जाने का अनुरोध किया गया। साथ ही बी0सी0सी0एल0 के पीट वाटर को तालाब तक पहुंचाने से काफी हद तक ग्रामीणों को पानी की समस्या कम होगी, इस निमित्त बी0सी0सी0एल0, प्रबंधन से वार्त्ता किये जाने पर जोर दिया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन सहित उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद के द्वारा बैठक के कार्यवाही समाप्ति की घोषणा की गई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (हस्ताक्षर) 6.3.2021 | (हस्ताक्षर) 06/03/21 | (हस्ताक्षर) | (हस्ताक्षर) 06/03/21 |
| जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद। | जिला योजना पदाधिकारी –सह–नोडल पदाधिकारी, DMFT, धनबाद। | उप विकास आयुक्त –सह–सचिव, DMFT, धनबाद। | उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद। |

ज्ञापांक :– 46/DMFT                धनबाद, दिनांक 06.03.2021

प्रतिलिपि :– सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के न्यास परिषद के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 06/03/21

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT,
धनबाद।

Scanned with CamScanner